◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

# नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION
UNDER PROCESS
Application No.
T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN
24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

BIHAR | नीड 24 न्यूज़ · हर खबर, हर शहर | 20 नवम्बर 2026

जीवनशैली

## गोपालगंज पहुंचे राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव



गोपालगंज से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पहुँचे अपने परिवार के साथ पहुंचे अपने पैतृक जिला गोपालगंज

गोपालगंज में लंबे अरसे बाद गुरुवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव अपने परिवार के साथ अपने पैतृक जिले पहुंचे। उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और बेटी रोहिणी आचार्य भी मौजूद रहीं। लालू परिवार के गोपालगंज पहुंचते ही जिले के राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गईं। हालांकि, लालू प्रसाद यादव ने अपने इस दौरे को पूरी तरह पारिवारिक बताया। उन्होंने कहा कि परिवार में आयोजित एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वे गोपालगंज आए हैं।

लालू प्रसाद यादव अपने परिवार के साथ जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में ठहरे हुए हैं। यहां से उनका काफिला उचकागांव थाना क्षेत्र के बरगछिया गांव पहुंचेगा, जहां राबड़ी देवी की बहन के घर आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में पूरा परिवार शामिल होगा। इसके अलावा लालू प्रसाद यादव ने अपने पैतृक गांव फुलवरिया जाने और प्रसिद्ध थावे दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना करने की भी बात कही है। इस दौरान पत्रकारों को संबोधित करते रोहिणी आचार्य ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार और बिहारियों से जो वादे किए गए थे, वे आज तक पूरे नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोगों को बिहार की जनता से किए गए वादों को पूरा करना चाहिए।

वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर रोहिणी आचार्य ने कहा कि उनके लिए पार्टी में आने का दरवाजा हमेशा खुला हुआ है। उन्होंने नीतीश कुमार के अच्छे स्वास्थ्य की कामना भी की। रोहिणी ने छठी मईया से प्रार्थना करते हुए कहा कि वे सत्ता में बैठे लोगों को सद्बुद्धि दें, ताकि वे बिहार और बिहार की जनता के हित में काम कर सकें।

लंबे अरसे बाद लालू परिवार के पैतृक जिले गोपालगंज पहुंचने से राजनीतिक चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। हालांकि, लालू प्रसाद यादव ने इस दौरे को पारिवारिक कार्यक्रम तक सीमित बताया है, लेकिन रोहिणी आचार्य के राजनीतिक बयानों ने दौरे को सियासी रंग दे दिया है। अब जिले के राजनीतिक गलियारों में इस दौरे को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

बाइटरोहिणी आचार्य

— Awanish Kumar

सरकारी योजना

### नीतीश संवाद को लेकर जागरूकतां अभियान



भागलपुर से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

नीतीश संवाद कार्यक्रम को लेकर जागरूकता अभियान,

सुशासन दिवस नीतीश संवाद 24 नवंबर 2026 को टाउन हॉल के प्रांगण में भागलपुर में मनाया जाएगा/इसको लेकर नगर परिषद सुल्तानगंज के कई वार्ड में जागरूकता अभियान

भागलपुर सुल्तानगंज*सुशासन दिवस नीतीश संवाद 24 नवंबर 2026 को टाउन हॉल के प्रांगण में भागलपुर में मनाया जाएगा/ इस कार्यक्रम हेतु नगर परिषद सुल्तानगंज के वार्ड नंबर 15, 16, 14 ,25, 26, 27, 20, 21, 22, 23, 24 अन्य नगर के वार्डों में जदयू के सम्मानित कार्यकर्ता वरिष्ठ साथी एवं गणमान्य लोगों एवं जदयू पदाधिकारी एवं जदयू के विधायक डॉ प्रोफेसर ललित नारायण मंडल के उपस्थिति हुआ/इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मनीष कुमार नगर जदयू अध्यक्ष के नेतृत्व किया गया/कार्यक्रम में पर्यवेक्षक के रूप में विनय कुमार, रानी झा, राहुल कुमार, जिला से नियुक्त पदाधिकारी घूम-घूम कर नगर परिषद सुल्तानगंज के इत्यादि वार्डों में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार पूर्व मुख्यमंत्री बिहार सरकार के 20 वर्षों के कार्यकालों को साझा किया गया /सभाओं ने इनके कल को स्वर्णिम काल का दर्जा दिया एवं सुशासन दिवस के रूप में मनाने का प्राण भी लिया गया/इस दौरान जदयू के वरिष्ठ कार्यकर्ता शशि भूषण मंडल, प्रेमजीत कुमार ,बिंदेश्वरी मंडल ,उपेंद्र शर्मा, नरेश मंडल ,राजकुमार झा, सहित इत्यादि कार्यकर्ता गण उपस्थित थे

स्थानीय

### प्रधानमंत्री मोदी के राजापाकर कार्यक्रम के कारण समस्तीपुर-वैशाली-पटना मार्ग पर वाहनों पर प्रतिबंध




— Awanish Kumar

समस्तीपुर, बिहार – 21 नवंबर 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजापाकर कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा एवं यातायात के सुचारु संचालन हेतु समस्तीपुर से वैशाली होते हुए पटना जाने वाले वाहनों पर अस्थायी प्रतिबंध लागू किया गया है।

जारी निर्देश के अनुसार, 20 नवंबर 2026 की रात 9 बजे से 21 नवंबर 2026 की रात 9 बजे तक समस्तीपुर से आने वाले बस, ट्रक एवं अन्य छोटे-बड़े वाहनों को वैशाली जिले के महनार, जंदाहा और महुआ की ओर जाने वाले मार्गों पर परिचालन की अनुमति नहीं होगी।

इस प्रतिबंध के तहत चालक को पटना हेतु वैकल्पिक मार्ग अपनाना होगा। प्रशासन ने बताया कि समस्तीपुर से पटना जाने वाले वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग 28 के रास्ते बेगूसराय या मुजफ्फरपुर होकर आगे बढ़ सकते हैं।

प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये प्रमुख सड़कों पर वाहनों का दबाव कम रखने हेतु यह कदम उठाया गया है। प्रशासन ने सभी वाहन चालकों और परिवहन संचालकों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित समय का ध्यान रखते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाएँ और प्रतिबंधित मार्गों के बजाय वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करें।

— Deepak Kumar

स्थानीय

### पकरीबरावां में ट्रांसफॉर्मर में लगी आग, स्थानीय लोगों की त्वरित कार्रवाई से टला बड़ा हादसा



गुरुवार शाम पकरीबरावां के वारिसलीगंज मोड़ के निकट स्थित बिजली ट्रांसफॉर्मर में अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मची।

आसपास के निवासियों ने तुरंत आग पर काबू पाने के लिए कदम बढ़ाए और लपटों को बुझा दिया, जिससे संभावित विस्फोट और बड़े नुकसान से बचा।

स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर की समय-समय पर जांच और रख-रखाव अत्यंत आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

बिजली विभाग को इस घटना की जाँच कर उचित सुरक्षा उपाय करने का अनुरोध किया गया, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

— Ramlakhan Kumar

### बिहार में दवा दुकानों पर औषधि नियंत्रण विभाग की बड़ी कार्रवाई, 34 दुकानों पर छापेमारी; 17 जगहों पर मिलीं खामियां



बिहार में दवा दुकानों पर औषधि नियंत्रण विभाग की बड़ी कार्रवाई, 34 दुकानों पर छापेमारी; 17 जगहों पर मिलीं खामियां

बिना लाइसेंस दवा बिक्री और अनियमितताओं की जांच तेज, पटना में संदिग्ध दवाओं के नमूनों की भी होगी जांच; विभाग की कार्रवाई से दवा कारोबारियों में हड़कंप....

**********

पटना। बिहार में दवाओं की बिक्री में पारदर्शिता बनाए रखने और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से औषधि नियंत्रण विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। राज्य के विभिन्न जिलों में दवा दुकानों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाते हुए कुल 34 दवा दुकानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान 17 से अधिक दुकानों में अलग-अलग प्रकार की अनियमितताएं सामने आई हैं। विभाग की इस कार्रवाई के बाद दवा कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, औषधि नियंत्रण विभाग की टीम ने अलग-अलग क्षेत्रों में दवा दुकानों की जांच की। इस दौरान दुकानों के लाइसेंस, दवाओं के भंडारण, बिक्री से संबंधित रिकॉर्ड और दवाओं की गुणवत्ता से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल की गई। जांच में कई दुकानों पर निर्धारित नियमों का पालन नहीं किए जाने की जानकारी सामने आई है।

बिना लाइसेंस दवा बिक्री पर विभाग सख्त

छापेमारी के दौरान बिना वैध लाइसेंस के दवा कारोबार किए जाने के मामलों को भी गंभीरता से लिया गया। औषधि नियंत्रण विभाग ने स्पष्ट किया है कि दवाओं की बिक्री निर्धारित नियमों और लाइसेंस के आधार पर ही की जा सकती है। बिना लाइसेंस दवा बेचने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

विभागीय टीम ने दुकानदारों से आवश्यक दस्तावेजों की मांग की और नियमों के उल्लंघन से संबंधित मामलों को जांच के दायरे में लिया।

पटना में संदिग्ध दवाओं की जांच

राजधानी पटना में भी औषधि नियंत्रण विभाग की टीम ने दवा दुकानों की जांच की। यहां संदिग्ध दवाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। संबंधित दवाओं की गुणवत्ता और उनकी बिक्री से जुड़े पहलुओं की जांच की जा रही है। आवश्यकता के अनुसार दवाओं के नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच कराने की प्रक्रिया भी अपनाई जा सकती है।

17 से अधिक दुकानों में मिली अनियमितताएं

राज्यभर में 34 दवा दुकानों पर की गई छापेमारी के दौरान 17 से अधिक स्थानों पर खामियां मिलने की बात सामने आई है। इन अनियमितताओं में लाइसेंस और दस्तावेजों से जुड़ी गड़बड़ियां तथा दवा बिक्री के नियमों का उल्लंघन शामिल बताया जा रहा है। हालांकि, प्रत्येक दुकान में पाई गई खामियों और उन पर की जाने वाली कार्रवाई का अंतिम विवरण जांच के बाद स्पष्ट होगा।

आम लोगों की सुरक्षा के लिए अभियान

औषधि नियंत्रण विभाग का उद्देश्य दवा बाजार में अवैध कारोबार पर रोक लगाना और मरीजों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना है। दवाओं की खरीद-बिक्री में नियमों का पालन सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है, क्योंकि गलत तरीके से रखी गई या गुणवत्ता मानकों पर खरी नहीं उतरने वाली दवाएं लोगों के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकती हैं।

की टीम ने अलग-अलग क्षेत्रों में दवा दुकानों की जांच की। इस दौरान दुकानों के लाइसेंस, दवाओं के भंडारण, बिक्री से संबंधित रिकॉर्ड और दवाओं की गुणवत्ता से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल की गई। जांच में कई दुकानों पर निर्धारित नियमों का पालन नहीं किए जाने की जानकारी सामने आई है।

बिना लाइसेंस दवा बिक्री पर विभाग सख्त

छापेमारी के दौरान बिना वैध लाइसेंस के दवा कारोबार किए जाने के मामलों को भी गंभीरता से लिया गया। औषधि नियंत्रण विभाग ने स्पष्ट किया है कि दवाओं की बिक्री निर्धारित नियमों और लाइसेंस के आधार पर ही की जा सकती है। बिना लाइसेंस दवा बेचने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

विभागीय टीम ने दुकानदारों से आवश्यक दस्तावेजों की मांग की और नियमों के उल्लंघन से संबंधित मामलों को जांच के दायरे में लिया।

पटना में संदिग्ध दवाओं की जांच

राजधानी पटना में भी औषधि नियंत्रण विभाग की टीम ने दवा दुकानों की जांच की। यहां संदिग्ध दवाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। संबंधित दवाओं की गुणवत्ता और उनकी बिक्री से जुड़े पहलुओं की जांच की जा रही है। आवश्यकता के अनुसार दवाओं के नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच कराने की प्रक्रिया भी अपनाई जा सकती है।

17 से अधिक दुकानों में मिली अनियमितताएं

राज्यभर में 34 दवा दुकानों पर की गई छापेमारी के दौरान 17 से अधिक स्थानों पर खामियां मिलने की बात सामने आई है। इन अनियमितताओं में लाइसेंस और दस्तावेजों से जुड़ी गड़बड़ियां तथा दवा बिक्री के नियमों का उल्लंघन शामिल बताया जा रहा है। हालांकि, प्रत्येक दुकान में पाई गई खामियों और उन पर की जाने वाली कार्रवाई का अंतिम विवरण जांच के बाद स्पष्ट होगा।

आम लोगों की सुरक्षा के लिए अभियान

औषधि नियंत्रण विभाग का उद्देश्य दवा बाजार में अवैध कारोबार पर रोक लगाना और मरीजों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना है। दवाओं की खरीद-बिक्री में नियमों का पालन सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है, क्योंकि गलत तरीके से रखी गई या गुणवत्ता मानकों पर खरी नहीं उतरने वाली दवाएं लोगों के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकती हैं।

विभाग की इस कार्रवाई को राज्य में दवा दुकानों की निगरानी मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। आने वाले दिनों में भी नियमों का उल्लंघन करने वाली दुकानों के खिलाफ जांच और कार्रवाई जारी रहने की संभावना है।

— TARUN KUMAR

## विष्णु धाम महोत्सव की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा, 20 नवंबर से सामस मंदिर परिसर में शुरू होगा भव्य आयोजन धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भक्तिमय होगा माहौल, आयोजन को लेकर प्रशासनिक तैयारियों का किया निरीक्षण.....



विष्णु धाम महोत्सव की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा, 20 नवंबर से सामस मंदिर परिसर में शुरू होगा भव्य आयोजन

धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भक्तिमय होगा माहौल, आयोजन को लेकर प्रशासनिक तैयारियों का किया निरीक्षण.....

**********

शेखपुरा। जिले के प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल सामस स्थित श्री विष्णु धाम मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले विष्णु धाम महोत्सव को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आगामी 20 नवंबर से प्रस्तावित महोत्सव को भव्य और आकर्षक बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर पहुंचकर आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

विष्णु धाम मंदिर परिसर में 20 नवंबर को महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. गुरुवार शाम जिला पदाधिकारी शेखर आनंद ने अधिकारियों के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और तैयारी की समीक्षा की. उन्होंने सभी व्यवस्थाएं तय समय पर पूरी करने का निर्देश दिया.

महोत्सव के दौरान सामस मंदिर परिसर में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से जिले की धार्मिक विरासत, सांस्कृतिक परंपरा और पर्यटन की संभावनाओं को नई पहचान देने का प्रयास किया जा रहा है। महोत्सव को लेकर स्थानीय श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है।

डीएम ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने महोत्सव स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, सुरक्षा, यातायात एवं श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोजन से पहले सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं, ताकि कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं और अतिथियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

उन्होंने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त रखने तथा श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही आयोजन को सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया।

धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे आकर्षण का केंद्र

20 नवंबर से शुरू होने वाले विष्णु धाम महोत्सव में धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारी है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय कलाकारों और सांस्कृतिक प्रतिभाओं को भी अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

सामस गांव स्थित विष्णु धाम मंदिर अपनी धार्मिक मान्यता और ऐतिहासिक महत्व के कारण जिले के प्रमुख आस्था केंद्रों में शामिल है। महोत्सव के आयोजन से इस धार्मिक स्थल की पहचान और व्यापक होने की उम्मीद है।

पर्यटन और धार्मिक विरासत को मिलेगी नई पहचान

जिला प्रशासन की ओर से महोत्सव को सफल बनाने के लिए तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। माना जा रहा है कि इस तरह के आयोजन से शेखपुरा जिले की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को मजबूती मिलेगी। साथ ही जिले में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

महोत्सव को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल है। श्रद्धालुओं को उम्मीद है कि इस बार भी विष्णु धाम महोत्सव यादगार और भव्य होगा। जिला प्रशासन का प्रयास है कि आयोजन में आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो।

— TARUN KUMAR

## बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार को रोकने के मामले में SSG की सफाई, बताया मानवीय भूल; जानिए क्या है पूरा मामला.....



बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार को रोकने के मामले में SSG की सफाई, बताया मानवीय भूल; जानिए क्या है पूरा मामला.....

**********

को रोकने से जुड़े मामले के सामने आने के बाद सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े SSG की ओर से सफाई दी गई है। इस पूरे घटनाक्रम को मानवीय भूल बताया गया है। मामले को लेकर चर्चाएं तेज होने के बाद संबंधित सुरक्षा टीम की ओर से स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश की गई है।

मंत्री को रोकने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था, प्रोटोकॉल और ड्यूटी पर तैनात कर्मियों की भूमिका को लेकर सवाल खड़े किए हैं। वहीं, SSG की सफाई के बाद इस मामले को लेकर अलग-अलग तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार को रोकने के मामले में SSG की सफाई, मानवीय भूल बताया; जानिए क्या है पूरा मामला

पटना: बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सुरक्षा घेरे के पास रोकने का मामला राजनीतिक चर्चा में आ गया है। वैशाली में मुख्यमंत्री के निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान सामने आए वीडियो में सुरक्षाकर्मी निशांत कुमार को आगे बढ़ने से रोकते दिखे थे। वीडियो सामने आने के बाद सवाल उठे और जेडीयू की ओर से भी नाराजगी जताई गई। अब मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात विशेष सुरक्षा दल (SSG) ने पूरे घटनाक्रम पर सफाई देते हुए इसे मानवीय भूल बताया है।

वैशाली में निरीक्षण के दौरान हुई थी घटना

यह मामला 18 नवंबर का बताया जा रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित बिहार दौरे की तैयारियों का जायजा लेने वैशाली पहुंचे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश सेतु (कच्ची दरगाह-बिदुपुर पुल) के निरीक्षण और कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों से जानकारी ले रहे थे।

मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान जब निशांत कुमार मुख्यमंत्री के करीब जाने की कोशिश कर रहे थे, तभी सुरक्षा में तैनात एक कर्मी ने उन्हें रोक दिया। इस घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद मामला चर्चा में आ गया।

SSG ने जांच के बाद क्या कहा?

घटना को लेकर विवाद बढ़ने के बाद विशेष सुरक्षा दल (SSG), बिहार की ओर से प्रेस बयान जारी किया गया। SSG के मुताबिक, मामले की गंभीरता को देखते हुए समादेष्टा रैंक के अधिकारी से जांच कराई गई। जांच में पाया गया कि सुरक्षाकर्मी सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत ड्यूटी कर रहे थे, लेकिन इसी दौरान मानवीय भूल के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई।

SSG ने अपने स्पष्टीकरण में घटना को मानवीय भूल बताया है। साथ ही यह भी कहा कि स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार को कुछ महीने पहले तक लगभग दो दशकों तक विशेष सुरक्षा दल की ओर से सुरक्षा प्रदान की जाती रही थी।

जेडीयू ने जताई थी नाराजगी, जांच की मांग उठी

वीडियो सामने आने के बाद जेडीयू प्रवक्ता और विधान परिषद सदस्य नीरज कुमार ने घटना पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने इसे दुखद और पीड़ादायक बताते हुए सवाल उठाया कि मुख्यमंत्री के साथ आधिकारिक कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्य मंत्री को इस तरह क्यों रोका गया।

जेडीयू की ओर से पुलिस मुख्यालय से मामले की जांच कराने की मांग की गई थी, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि सुरक्षाकर्मी ने ऐसा अनजाने में किया या किसी अन्य वजह से। पार्टी ने मंत्री के पद और आधिकारिक प्रोटोकॉल के अनुरूप व्यवहार किए जाने की बात भी उठाई।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद बढ़ी राजनीतिक चर्चा

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद विपक्षी नेताओं ने भी टिप्पणी की। रोहिणी आचार्य ने इस घटनाक्रम पर तंज कसते हुए सवाल उठाए, जबकि जेडीयू नेताओं ने मामले को गंभीर बताते हुए जांच की जरूरत पर जोर दिया। दूसरी ओर, मंत्री अशोक चौधरी ने धक्का देने के दावों को खारिज करते हुए इस विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

होने के बाद विपक्षी नेताओं ने भी टिप्पणी की। रोहिणी आचार्य ने इस घटनाक्रम पर तंज कसते हुए सवाल उठाए, जबकि जेडीयू नेताओं ने मामले को गंभीर बताते हुए जांच की जरूरत पर जोर दिया। दूसरी ओर, मंत्री अशोक चौधरी ने धक्का देने के दावों को खारिज करते हुए इस विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

SSG की सफाई के बाद क्या?

SSG की सफाई के बाद अब इस मामले में मानवीय भूल और सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर चर्चा हो रही है। सुरक्षा दल ने अपनी जांच का हवाला देते हुए घटना का कारण स्पष्ट करने की कोशिश की है। वहीं, राजनीतिक स्तर पर उठे सवालों के बाद यह घटनाक्रम बिहार की राजनीति में चर्चा का विषय बना हुआ है।

फिलहाल SSG की ओर से जारी स्पष्टीकरण में घटना को मानवीय भूल बताया गया है। इस मामले ने वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था, सरकारी कार्यक्रमों में समन्वय और जनप्रतिनिधियों के प्रोटोकॉल को लेकर बहस छेड़ दी है।

— TARUN KUMAR

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर शेखपुरा में जागरूकता अभियान शुरू, 11 दिसंबर तक गांव-गांव पहुंचेगा प्रचार वाहन




राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर शेखपुरा में जागरूकता अभियान शुरू, 11 दिसंबर तक गांव-गांव पहुंचेगा प्रचार वाहन

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को किया रवाना, 12 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत; सुलह-समझौते से मामलों का होगा त्वरित निष्पादन

शेखपुरा। आम लोगों को सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 12 दिसंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर शेखपुरा में जागरूकता अभियान की शुरुआत कर दी गई है। गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया। इस पहल के माध्यम से जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व एवं इसके लाभों से अवगत कराया जाएगा।

प्रचार वाहन रवाना होने के साथ ही जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जनजागरूकता की मुहिम तेज हो गई है। यह वाहन 11 दिसंबर तक जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों और सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों का भ्रमण करेगा। इस दौरान आम लोगों को बताया जाएगा कि लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति और सुलह-समझौते के आधार पर योग्य मामलों का निपटारा किस प्रकार कराया जा सकता है। अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को इस व्यवस्था से जोड़ना और उन्हें न्याय प्राप्त करने के सरल विकल्प की जानकारी देना है।

राष्ट्रीय लोक अदालत को न्याय व्यवस्था में आम लोगों की भागीदारी बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम माना जाता है। इसमें संबंधित पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर मामलों का समाधान कराया जाता है। इससे लोगों को लंबे समय तक चलने वाली कानूनी प्रक्रिया से राहत मिलने की संभावना रहती है। साथ ही समय और खर्च की बचत के साथ विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान भी संभव होता है। खासकर ऐसे लोग, जो आर्थिक या अन्य कारणों से न्यायालय की लंबी प्रक्रिया में उलझे रहते हैं, उनके लिए लोक अदालत एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हो सकती है।

भी राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रचार वाहन के माध्यम से गांव-गांव तक संदेश पहुंचाने की योजना बनाई गई है, ताकि दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी इस सुविधा का लाभ उठा सकें। लोगों से अपील की जाएगी कि वे अपने योग्य मामलों के समाधान के लिए लोक अदालत की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त करें और आपसी सहमति से विवादों का निपटारा करने की दिशा में पहल करें।

इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज किशोर, रवीन्द्र कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुशील प्रसाद, जिला विधिक संघ के सचिव विनोद कुमार सिंह सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्तागण, समाजसेवी राहुल कुमार अकेला एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

12 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के मद्देनजर यह जागरूकता अभियान 11 दिसंबर तक जारी रहेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की इस पहल से उम्मीद है कि अधिक से अधिक लोग लोक अदालत के माध्यम से अपने योग्य मामलों का समाधान कराने के लिए आगे आएंगे।

— TARUN KUMAR

## नशे के खिलाफ एकजुट हुए एकाढ़ा के छात्र, लिया जीवनभर नशे से दूर रहने का संकल्प




नशे के खिलाफ एकजुट हुए एकाढ़ा के छात्र, लिया जीवनभर नशे से दूर रहने का संकल्प

नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी राधिका बहन ने युवाओं को किया प्रेरित, गांव की गलियों में निकली जागरूकता रैली

एकाढ़ा (शेखपुरा), 19 नवंबर। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर रोक लगाने और युवा पीढ़ी को इसके दुष्परिणामों से बचाने के उद्देश्य से गुरुवार को एकाढ़ा मॉडल +2 उच्च विद्यालय में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारी राधिका बहन के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर नशा मुक्ति के संकल्प और जागरूकता नारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके पर ब्रह्माकुमारी राधिका बहन ने नशे के शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशा किसी एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इसकी लत इंसान की सेहत, सम्मान और भविष्य को बर्बाद कर देती है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, अच्छे संस्कार और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में अपनी ऊर्जा लगाने की अपील की।

कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण पहलू सामूहिक नशा मुक्ति प्रतिज्ञा रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि वे न तो स्वयं किसी प्रकार के नशे का सेवन करेंगे और न ही अपने आसपास किसी को इसकी गिरफ्त में आने देंगे। साथ ही लोगों को जागरूक कर नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही।

इसके बाद विद्यालय परिसर से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः विद्यालय पहुंची। हाथों में नशा मुक्ति का संदेश लिखी तख्तियां लेकर चल रहे बच्चों ने 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो', 'नशा मुक्त समाज, स्वस्थ समाज' और 'नशा है मौत का द्वार' जैसे नारों से ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली के माध्यम से बच्चों ने लोगों को नशे से दूर रहने और अपने परिवार को सुरक्षित रखने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने ब्रह्माकुमारी राधिका बहन सहित सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की बुराई से बचाने के लिए विद्यालय में इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे।

— TARUN KUMAR

## को व्यवस्था परखने पहुंचे डीएम, बच्चों के बीच शिक्षक की भूमिका में दिखे शेखर आनंद




कायाकल्प अभियान के तहत स्कूलों की व्यवस्था परखने पहुंचे डीएम, बच्चों के बीच शिक्षक की भूमिका में दिखे शेखर आनंद

बच्चों से पढ़ाई, शिक्षकों की उपस्थिति और मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता पर लिया फीडबैक

शेखपुरा। सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। इसी कड़ी में गुरुवार को जिलाधिकारी शेखर आनंद ने शेखपुरा प्रखंड के मध्य विद्यालय बिहटा एवं आदर्श मध्य विद्यालय औधे का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कायाकल्प अभियान के तहत विद्यालयों में चल रहे विकास कार्यों के साथ-साथ शैक्षणिक और बुनियादी सुविधाओं की जमीनी हकीकत परखी।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने विद्यालय परिसर, कक्षाओं, साफ-सफाई, पेयजल सहित उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं और आधारभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं शिक्षकों से कायाकल्प अभियान के तहत कराए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही विद्यालयों में बेहतर वातावरण तैयार करने और आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त रखने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान एक अलग ही तस्वीर देखने को मिली, जब जिलाधिकारी बच्चों के बीच शिक्षक की भूमिका में नजर आए। उन्होंने छात्र-छात्राओं से सीधे बातचीत कर उनकी पढ़ाई-लिखाई का हाल जाना। बच्चों से पूछा कि विद्यालय में नियमित कक्षाएं संचालित होती हैं या नहीं, शिक्षक समय पर पहुंचते हैं या नहीं और उन्हें पढ़ाई में किसी तरह की परेशानी तो नहीं होती है। इसके अलावा मध्याह्न भोजन योजना के तहत मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता और समय पर भोजन उपलब्ध होने के संबंध में भी जानकारी ली।

डीएम ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में केवल भवन और अन्य सुविधाओं का विकास ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छता, अनुशासन और बच्चों की नियमित उपस्थिति भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षकों को पूरी जिम्मेदारी के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए काम करने तथा विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाए रखने का निर्देश दिया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित होना चाहिए, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके और अभिभावकों का सरकारी विद्यालयों के प्रति विश्वास और मजबूत हो।

निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, वरीय उपसमाहर्ता सह जिला गोपनीय प्रभारी पदाधिकारी, सीएम फेलो, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, विद्यालय के शिक्षक एवं अन्य संबंधित कर्मी मौजूद रहे।

— TARUN KUMAR

## बिहार में बाइक चोर गिरोह का बड़ा खुलासा!



बिहार में बाइक चोर गिरोह का बड़ा खुलासा!

नमस्कार आप देख रहे हैं Need24 News

बिहार पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने चोरी की 7 बाइक बरामद की हैं, वहीं गिरोह से जुड़े 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस की इस कार्रवाई से बाइक चोरों में हड़कंप मचा हुआ है। मामले में आगे की जांच जारी है।

बिहार। कासम राज

स्थानीय

## कटिहार के आजमनगर में बुधहाट बाजार की चहल-पहल, ग्रामीणों की बड़ी भीड़




कटिहार जिले के आजमनगर में स्थित बुधहाट बाजार आज स्थानीय और निकटवर्ती ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में खरीदारों को आकर्षित कर रहा है। बाजार में सुबह से ही खरीद-फ़रोख्त की तेज़ गति देखी जा रही है।

बाजार के विभिन्न दुकानों पर लोगों की आवाज़-गूँज और खरीदारी की रौनक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। छोटे व्यापारी और स्थानीय दुकानदार इस भीड़ से अपने व्यापार को बढ़ाने का अवसर पाते हैं।

बुधहाट बाजार न केवल वस्तुओं की खरीद-फ़रोख्त का केंद्र है, बल्कि यह स्थानीय रोजगार का भी महत्वपूर्ण स्रोत है। कई ग्रामीण यहाँ दैनिक आय अर्जित करने के लिए अपना व्यवसाय चलाते हैं।

बाजार की इस जीवंत माहौल ने आजमनगर के निवासियों के मन में उत्साह भर दिया है और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

— Shivu Vishwas

अपराध

## मोतिहारी में भोजपुरी गायक विनोद बेदर्दी के विवादित बयान पर पुलिस ने दर्ज की साइबर FIR




मोतिहारी में भोजपुरी गायक विनोद बेदर्दी के विवादित बयान को लेकर स्थानीय पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की।

उक्त टिप्पणी को कई सामाजिक समूहों द्वारा आपत्तिजनक बताया गया और सामाजिक अशांति की संभावना को लेकर चिंता व्यक्त की गई।

पुलिस ने एसपी के निर्देशानुसार साइबर थाने में मामला दर्ज किया और आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी लिखी गई।

अब संबंधित अधिकारी इस बात की जांच करेंगे कि बयान में उल्लिखित सामग्री भारतीय दंड संहिता की किस धारा का उल्लंघन करती है और आवश्यक कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

— Pintu Kumar

स्थानीय

## कटिहार के आजमनगर में केसरी चौक पर अतिक्रमण से जाम की समस्या बढ़ी




आजमनगर, कटिहार जिले में स्थित केसरी चौक पर अतिक्रमण के कारण यातायात में लगातार जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

सड़क पर अनधिकृत अतिक्रमण ने वाहन प्रवाह को बाधित किया है, जिससे आम लोगों और राहगीरों को दैनिक आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों ने अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग की है, ताकि जाम से राहत मिल सके और सड़क का सुचारु उपयोग संभव हो सके।

प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वह इस समस्या को शीघ्रता से संज्ञान ले और आवश्यक कदम उठाकर केसरी चौक को अतिक्रमण मुक्त कराए।

— Shivu Vishwas

## नीतीश सेतु के नाम पर अश्विनी चौबे का जवाब



भागलपुर से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

नीतीश सेतु के नाम पर तेजस्वी को अश्वनी चौबे का जवाब, निशांत कुमार के साथ हुई घटना पर कार्रवाई की मांग

बिहार में नीतीश सेतु के नामकरण को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सेतु का नाम नीतीश कुमार के नाम पर रखे जाने पर सवाल उठाए हैं। अब भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे ने तेजस्वी यादव पर जोरदार पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि नीतीश जी के नाम पर सेतु बना है, इससे बड़ी खुशी की बात क्या हो सकती है? उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अब इस पुल का नाम तेजस्वी सेतु कर दिया जाए? अश्वनी चौबे ने बताया कि जब वे कैबिनेट में थे, तब सभी ने मिलकर इस प्रस्ताव पर सहमति दी थी। वर्ष 2012 से 2014 तक इसकी पूरी समीक्षा हुई और बिहार सरकार ने इसके निर्माण में पैसे लगाए। तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए उन्होंने उन्हें मेंढक तक कह दिया और कहा कि ऐसे लोगों की जरूरत नहीं है।

वहीं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सुरक्षाकर्मियों द्वारा मंत्री निशांत कुमार को हटाए जाने के मामले में भी अश्वनी चौबे ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी इस तरह की घटनाएं हो जाती हैं। अपने साथ हुई एक पुरानी घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि जब वे केंद्रीय मंत्री थे, तब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यक्रम के दौरान उनके सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें भी धक्का दे दिया था। उन्होंने कहा कि सुरक्षाकर्मियों को अपनी जिम्मेदारी और मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। किसी मंत्री के साथ इस तरह का व्यवहार बेहद शर्मिंदगी की बात है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को इस मामले में संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

बाइट अश्वनी चौबे, पूर्व केंद्रीय मंत्री

— Awanish Kumar

राजनीति

## पटना में बिहार कांग्रेस के युवा संकल्प सम्मेलन में नई ऊर्जा और परिवर्तन का संकल्प




आज पटना स्थित बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आयोजित युवा संकल्प सम्मेलन एवं पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और युवा साथियों ने भाग लिया।

सम्मेलन में संगठन की मजबूती, युवाओं की भागीदारी और बिहार के उज्ज्वल भविष्य को लेकर सकारात्मक ऊर्जा एवं संकल्प का आदान-प्रदान हुआ। उपस्थित सभी ने युवा शक्ति के महत्व पर बल दिया।

नई सोच, नई ऊर्जा और परिवर्तन की इच्छा के साथ बिहार में बदलाव की नई इबारत लिखने का संकल्प इस आयोजन का मुख्य संदेश रहा। सभी ने "एक नई सोच, एक नई ऊर्जा, एक नया बिहार!" का नारा दोहराया।

— Kanhaiya Kumar Jha, पटना

स्थानीय

## कन्यजुंज हलवाई महासभा के तत्वाहन्मे ब्रह्मर्षि का आयोजन



गयाजी से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

कन्याकुंज हलवाई महासभा के तत्वाधान में महर्षि मोदनसेन की मनाई गई जयंती,टीसभा के लोग.

गयाजी: शहर के हरिदास सिमनेरी ऑडिटोरियम के प्रांगण में कन्याकुंज हलवाई महासभा के बैनर तले महर्षि मोदनसेन की जयंती मनाई गई. इस कार्यक्रम में गया जिले के विभिन्न प्रखंडों से महिलाएं व पुरुष शामिल हुए. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया. वहीं समाज के बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई.

कार्यक्रम में शामिल जिला परिषद की अध्यक्ष नैना कुमारी ने कहा कि आज महर्षि मोदनसेन की जयंती मनाई जा रही है, जिसमें समाज के लोग शामिल हुए हैं. इस तरह के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को आगे बढ़ाना, एकजुट करना और सामाजिक उत्थान करना है, ताकि हमारा समाज आगे बढ़े. साथ ही समाज के लोगों की जो परेशानियां है, उसे मिलजुल कर हमलोग दूर करने का प्रयास करते हैं.

वहीं कन्याकुंज हलवाई महासभा के अध्यक्ष विनय गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक वर्ष महर्षि मोदनसेन की जयंती मनाई जाती है, जिसमें समाज के लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं. इस दौरान समाज के बच्चों के द्वारा कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाती है. समाज के बच्चे आगे बढ़े, साथ ही जिन लोगों को कोई परेशानी हो, उसका समाधान हमलोग मिलजुल कर करते हैं, इसी उद्देश्य के साथ इस कार्यक्रम का प्रतिवर्ष आयोजन किया जाता है.

इस मौके पर मनोज कुमार, मुन्ना गुप्ता, रवि कुमार गुप्ता, राजीव रंजन, मनोज कुमार, महेश कुमार, संतोष गुप्ता, रजनीश कुमार गुप्ता, आदित्य कुमार गुप्ता सहित कई लोग शामिल हुए.

बाइट- नैना कुमारी, अध्यक्ष, जिला परिषद, गया.

बाइट- विनय गुप्ता, अध्यक्ष, कन्याकुंज हलवाई महासभा.

— Awanish Kumar

स्थानीय

## नवादा में स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा: टीबी स्क्रीनिंग और मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर जोर



नवादा जिले के स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को डीआरडीए सभागार में स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक बुलाई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने की और इसमें डीएम, सहायक समाहर्त्ता प्रिंस कुमार, सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार चौधरी, डीपीएम अजय कुमार तथा डीपीओ आईसीडीएस निरूपमा शंकर सहित सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान डीएम ने गर्भवती महिलाओं की नियमित प्रसव पूर्व जांच, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, अस्पतालों में साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता और रेफरल व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। साथ ही रजौली अस्पताल में रात्रि के दौरान भर्ती मरीजों का विवरण पोर्टल पर दर्ज करने तथा जननी पोर्टल पर आंकड़ों की नियमित प्रविष्टि करने का आदेश दिया।

टीबी स्क्रीनिंग की स्थिति पर चर्चा करते हुए डीएम ने रोह, कौआकोल, वारिसलीगंज, सिरदला, पकरीबरावां एवं अकबरपुर पीएचसी में स्क्रीनिंग कम पाई जाने पर ओपीडी में आने वाले मरीजों की अनिवार्य रूप से टीबी जांच सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

समीक्षा में परिवार नियोजन कार्यक्रम की भी समीक्षा हुई। आगामी 7 से 19 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा, जिसके तहत पुरुष नसबंदी के लिए 90 और महिला नसबंदी के लिए 1,420 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डीएम ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से जागरूकता अभियान चलाने और निर्धारित लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया।

— Ramlakhan Kumar

## फारबिसगंज धत्ता टोला के निवासी विक्की यादव की गंभीर सड़क दुर्घटना



फारबिसगंज धत्ता टोला में विक्की यादव को सड़क दुर्घटना का सामना करना पड़ा, जिसमें उनकी स्थिति गंभीर बताई गई है।

स्थानीय पुलिस ने दुर्घटना की सूचना प्राप्त कर तुरंत कार्यवाही शुरू की है और घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाने की व्यवस्था की गई है।

वर्तमान में विक्की यादव की स्वास्थ्य स्थिति पर नजर रखी जा रही है और आगे की जानकारी उपलब्ध होते ही सार्वजनिक की जाएगी।

— Kanhaiya Kumar Jha

स्थानीय

## सरकारी कार्य में वित्तीय7लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा



अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

सरकारी कार्य मे वित्तीय अनियमितता, वित्तीय लापरवाही एवं सरकारी राशि का दुरूपयोगकिसी कतई बर्दाश्त नहीं

वित्तीय नियमों एवं प्रावधानों का दृढता से करें अक्षरश DM

*CDPO कार्यालय हरलाखी मे वित्तीय अनियमितता का मामला संज्ञान मे आते ही डीएम ने की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई

हरलाखी थाना मे FIR दर्ज, कांड संख्या

*करोड़ से अधिक की वित्तीय अनियमितता

जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में वित्तीय अनुशासन एवं वित्तीय नियंत्रण बनाए रखने तथा सरकारी कार्यों का निष्पादन निर्धारित वित्तीय प्रावधानों एवं नियमों के अनुरूप सुनिश्चित करने को लेकर जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने सख्त निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि सरकारी राशि का उपयोग निर्धारित उद्देश्यों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता, ईमानदारी एवं जवाबदेही के साथ किया जाना है। वित्तीय नियमों एवं प्रक्रियाओं की अनदेखी, सरकारी राशि के दुरुपयोग अथवा किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इसी क्रम में बाल विकास परियोजना कार्यालय, हरलाखी में वित्तीय अनियमितता तथा सरकारी राशि के अवैध हस्तांतरण से संबंधित मामला जिला पदाधिकारी के संज्ञान में आते ही त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जिला पदाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल त्रिसदस्यीय जांच टीम का गठन किया तथा कार्यालय में संधारित वित्तीय अभिलेखों एवं बैंक विवरणियों की सघन और सूक्ष्म जांच कर विस्तृत जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

गठित जांच टीम में जिला लेखा पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) तथा सहायक लेखा पदाधिकारी को शामिल किया गया था। जांच टीम द्वारा बाल विकास परियोजना कार्यालय, हरलाखी में संधारित सभी संबंधित वित्तीय अभिलेखों, लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों तथा बैंक विवरणियों की गहनता से जांच की गई।

जांच के दौरान प्रथम दृष्टया यह मामला सरकारी राशि के अवैध हस्तांतरण से संबंधित पाया गया। जांच में निजी व्यक्ति के बैंक खाते में अवैध तरीके से बड़ी राशि हस्तांतरित किए जाने का मामला सामने आया है। इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता मानते हुए जिला पदाधिकारी ने मामले में नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस, मधुबनी द्वारा हरलाखी थाना में कांड संख्या 493/2026, दिनांक 18 नवंबर 2026 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस मामले में पूर्व बाल विकास परियोजना पदाधिकारी हरलाखी, राशि के अवैध हस्तांतरण मे संलग्न निजी व्यक्ति तथा इस प्रकरण में संलिप्त अन्य ज्ञात एवं अज्ञात कर्मियों और बैंक अधिकारियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने जिले के सभी विभागीय पदाधिकारियों एवं कार्यालय प्रधानों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि सरकारी कार्यालयों में वित्तीय प्रबंधन की निर्धारित प्रक्रियाओं का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। सरकारी राशि की निकासी, हस्तांतरण एवं व्यय से संबंधित प्रत्येक प्रक्रिया में नियमानुसार सक्षम प्राधिकार की स्वीकृति, आवश्यक अभिलेखों का संधारण तथा बैंक लेन-देन का समुचित सत्यापन अनिवार्य रूप से करें।

किसी भी परिस्थिति में वित्तीय नियमों का अक्षरशः अनुपालन दृढता से करें तथा सरकारी राशि का निजी खाते में हस्तांतरण अथवा निर्धारित प्रक्रिया से इतर भुगतान अनियमितता मानी जायेगी।

जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सरकारी धन जनहित एवं विकास कार्यों के लिए है। इसलिए सभी पदाधिकारी एवं कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ करें। सरकारी कार्यों में वित्तीय नियमों का उल्लंघन, लापरवाही, अनियमितता अथवा सरकारी राशि के दुरुपयोग का कोई भी मामला सामने आने पर संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

— Awanish Kumar, पटना

स्वास्थ्य

## गुरुवा चौक में बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ी से शराब बरामद



आज गुरुवा चौक में गांव वालों ने एक बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ी को रोका, जिसमें बड़ी मात्रा में शराब पाई गई।

गाड़ी को रोकने के बाद गांव वालों ने वाहन के अंदर से शराब की बोतलें और कांच की बोतलें बरामद कीं। जांच में पता चला कि यह शराब बिना लाइसेंस के परिवहन की जा रही थी।

गांव वालों ने उन्हें रोक क रखा था, पर हमारे अधिकारी पुलिस वाले समय पढ़ने ना आने के कारण वे भाग निकले ।

हमारे अधिकारी पुलिस ना कामयाब हुए ।

विभागों को सूचना दी गई है कि वे इस प्रकार की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए अतिरिक्त उपाय अपनाएँ।

*क्या हमारे अधिकारी पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेते हैं या नहीं क्योंकि दिन ब दिन शराब कि तस्करी बढ़ती जा रही हैं

— Jouhrilal kasde

## पिता की हत्या के आरोप में पत्नी और बेटा गिरफ्तार, जेल भेजे गए



योगापट्टी। प्रखंड के नवलपुर थाना क्षेत्र के सिरसवा भूमिहार गांव में दिनेश राय की मौत के मामले में पुलिस ने उनकी पत्नी सुशीला देवी और बेटे अनूप राय को गिरफ्तार किया है। मृतक की बेटी रेखा कुमारी के आवेदन पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। गुरुवार को पुलिस ने दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, योगापट्टी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी रेखा कुमारी ने बताया है कि उनके पिता दिनेश राय और भाई अनूप राय के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। आरोप है कि अनूप अपने पिता को जान से मारने की धमकी भी देता था। रेखा के मुताबिक, दीपावली से दो दिन पहले वह अपने पिता के घर आई थीं। उस दौरान उनके सामने ही अनूप ने दिनेश राय को थप्पड़ मारा था और एक सप्ताह के भीतर जान से मारने की धमकी दी थी।

आवेदन में आरोप लगाया गया है कि 17 नवंबर की रात करीब एक बजे अनूप राय शराब के नशे में घर पहुंचा और अपनी मां सुशीला देवी को भी बुलाया। इसके बाद दोनों ने मिलकर दिनेश राय पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस की डायल 112 सेवा को दी गई। रेखा के अनुसार, पुलिस ने अनूप राय और सुशीला देवी को हिरासत में लिया तथा घायल दिनेश राय को इलाज के लिए योगापट्टी सरकारी अस्पताल भेजा। इलाज के बाद दिनेश राय घर लौट आए, लेकिन सिर में गंभीर चोट और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण सुबह करीब नौ बजे उनकी मौत हो गई। रेखा कुमारी ने अपने आवेदन में दावा किया है कि पूरी घटना उनकी आंखों के सामने हुई थी। उन्होंने अपनी मां और भाई के खिलाफ हत्या के आरोप में कार्रवाई की मांग की थी। इस संबंध में नवलपुर थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने बताया कि मृतक की बेटी के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। गुरुवार को न्यायालय में पेश करने के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।

— Amit kumar

## सुशासन दिवस को लेकर हुई बैठक बैठक में सम्मिलित हुई बिहार सरकार भवन निर्माण मंत्री लेश सिंह मांझी विधायक रणधीर सिंह एकम विधायक धूमल सिंह और तमाम लोग




सुशासन दिवस को लेकर हुई बैठक बैठक में सम्मिलित हुई बिहार सरकार भवन निर्माण मंत्री लेश सिंह मांझी विधायक रणधीर सिंह एकम विधायक धूमल सिंह और तमाम लोग

— Amit kumar

अपराध

## नवगछिया में किसान कि गोली मारकर हत्या



भागलपुर से अवनीश कुमार सिंह रिपोर्ट

नवगछिया में किसान की गोली मारकर हत्या ,बेखौफ अपराधियों ने किसान को मारी सिर में गोली, मौके पर मौत ,जमीन विवाद में हत्या की हत्या पुलिस मामले कि जांच में जुटी

नवगछिया में अपराधियों ने एक बार फिर खूनी वारदात को अंजाम देकर इलाके में सनसनी फैला दी है। इस्माइलपुर थाना क्षेत्र के चंडी स्थान में बुधवार देर रात बासा पर सो रहे एक किसान की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान फुलो मंडल के रूप में हुई है। वारदात के बाद गांव में दहशत का माहौल है, वहीं परिजनों के बीच चीख-पुकार मची हुई है।

बताया जा रहा है कि फुलो मंडल अपने ससुराल में रहकर खेतीबाड़ी करते थे। बुधवार रात परिवार के साथ खाना खाने के बाद वह रोज की तरह अपने बासा पर सोने चले गए। इसी दौरान देर रात अज्ञात अपराधियों ने उन्हें निशाना बनाते हुए सिर में गोली मार दी। गोली लगते ही उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। खून से लथपथ शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर इस्माइलपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हत्या केज़मीनी विवाद में में एक किसान कि अपराधियोंपीछे जमीन विवाद की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, वारदात की असली वजह और हत्यारों की पहचान अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। अब सवाल है कि घर से कुछ दूरी पर बासा में सो रहे किसान की आखिर किसने और क्यों बेरहमी से हत्या कर दी?

## 24 नवंबर को लौरिया में होगा सुशासन दिवस नीति संवाद कार्यक्रम, जदयू ने शुरू की तैयारी



योगापट्टी। पश्चिम चंपारण जिले के लौरिया में 24 नवंबर को सुशासन दिवस नीति संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। गुरुवार को योगापट्टी प्रखंड के नवगांवा चौक स्थित जदयू कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। प्रखंड अध्यक्ष शंभू कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। संगठन को मजबूत बनाने और आपसी तालमेल बेहतर करने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपने पर भी चर्चा हुई। जदयू जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित होने वाले इस नीति संवाद कार्यक्रम में सरकार की नीतियों, विकास कार्यों और सुशासन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। पार्टी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की विचारधारा को आम लोगों तक पहुंचाने पर भी जोर दिया। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष शंभू कुशवाहा, देवनारायण राम, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष राम एकबाल सिंह और शिक्षा प्रकोष्ठ के महासचिव मनोज कुशवाहा सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों के अध्यक्ष और जदयू कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने 24 नवंबर को लौरिया में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

— Amit kumar

## राजगीर भ्रमण पर प्रधानाध्यापक और शिक्षक निलंबित, शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई




2 से 5 अक्टूबर के बीच गोपालगंज के वृन्दावन पंचायत स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 11वीं की छह छात्राओं को बिना विभागीय अनुमति राजगीर भ्रमण कराया गया। शिक्षक एहसान अख्तर ने इस भ्रमण का खर्च स्वयं उठाया और अभिभावकों को यह कहकर सहमति ली कि यह भ्रमण सरकारी योजना के तहत है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी की जांच में पाया गया कि प्रधानाध्यापक कृष्ण भगवान यादव को इस अनधिकृत भ्रमण की जानकारी थी, परंतु उन्होंने शिक्षा विभाग को सूचित नहीं किया।

जांच के दौरान विद्यालय में हाजिरी और परीक्षा संचालन से जुड़ी अन्य अनियमितताएं भी उजागर हुईं।

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने दोनों शिक्षकों को निलंबित कर दिया और स्पष्ट संदेश दिया कि सरकारी विद्यालयों में अनुशासनहीनता और नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

— Ramlakhan Kumar